# News

कन्या महाविद्यालय खरखौदा की weightlifting (भारोतोलन) खेल की चार छात्राओं ने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की अन्तर्महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किये है जिसमे कोमल ने 45 K.G भार मे, स्नेहा ने 59 K.G भार में, सीमरन ने 60 K.G भार में, यशिका ने (80 K.G) भार में स्वर्ण पदक जीते है जो महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है. कॉलेज पहुँचने पर महाविद्यालय की उपप्राचार्या डा० योगिता द्वारा खिलाड़ियों का स्वागत किया गया और बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की खेल प्राध्यापिका डा० दर्शना ने बताया की चारों छात्राओं का चयन महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक की टीम में हुआ है, जल्द ही विश्वविद्यालय की टीम इंटर यूनिवर्सिटी weightlifting खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी. कोमल और स्नेहा छात्रा पहले भी खेलो इंडिया गेम्स में, मैडल प्राप्त कर चुकी है।

Yogita

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# स्वर्ण पदक लाने पर छात्राओं को किया सम्मानित



**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय की चार छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते हैं। महाविद्यालय पहुंचने पर चारों छात्राओं का भव्य स्वागत किया गया। उप प्राचार्या डॉ. योगिता ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में कोमल ने 45 ,स्नेहा ने 59, सिमरन ने 60 व याशिका ने 80 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किए हैं। अब चारों छात्राओं का महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की टीम में चयन हुआ है। जल्दी ही विश्वविद्यालय की टीम इंटर यूनिवर्सिटी भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भाग लेगी। इससे पहले भी खिलाड़ी कोमल व स्नेहा द्वारा खेलो इंडिया में मेडल जीते जा चुके हैं। महाविद्यालय पहुंचने पर चारों छात्राओं व खेल प्राध्यापिका दर्शना का स्वागत किया गया।